भारत सरकार
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. **4803** जिसका उत्तर
शुक्रवार, 20 मार्च, 2026/29 फाल्गुन, 1948 (शक) को दिया जाना है

नए यात्री पोत

†4803. श्री हमदुल्ला सईद :

क्या **पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या गत दस वर्षों के दौरान लक्षद्वीप के लिए कोई नये यात्री पोत स्वीकृत/अधिग्रहित किये गये हैं, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ख) लक्षद्वीप द्वीपसमूह की सेवा करने वाले वर्तमान यात्री पोतों की वर्तमान स्थिति, आयु तथा परिचालन स्थिति का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार को यात्री जहाजों की कमी अथवा उनकी अधिक आयु के कारण शिकायतें प्राप्त हुई हैं/परिचालन संबंधी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है; और

(घ) उक्त संघ राज्यक्षेत्र के निवासियों और पर्यटकों के लिए नए यात्री जहाजों की खरीद से संबंधित किसी प्रस्ताव सहित पर्याप्त, सुरक्षित और विश्वसनीय यात्री जहाज संपर्क सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री
(श्री सर्बानंद सोणोवाल)

(क) से (घ): लक्षद्वीप संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन (यूटीएलए) ने सूचित किया है कि यह 05 सभी मौसम के अनुकूल यात्री जलयान और 06 हाई स्पीड क्राफ्ट (एचएससी) फेयर वैदर जलयान संचालित करता है। ये सभी, एक (एमवी कवरत्ती) को छोड़कर, जो वर्तमान में ड्राई डॉक्ड है, प्रचालन में हैं। ये जलयान/एचएससी 10-18 वर्षों से प्रचालन में हैं।

लक्षद्वीप द्वीप समूह में मौजूदा यात्री जलयानों की वर्तमान स्थिति सहित प्रचालित जलयानों का विवरण निम्नानुसार है:

क्र. सं.	पोत/ जलयान का नाम	पोत का प्रकार	पैक्स में क्षमता	वर्तमान स्थिति
1.	एमवी कवरत्ती	सभी मौसमों के अनुकूल पोत	700	ड्राई डॉक्ड
2.	एमवी कोरल	सभी मौसमों के अनुकूल पोत	400	चालू
3.	एमवी लैगून	सभी मौसमों के अनुकूल पोत	400	चालू
4.	एमवी अरेबियन सागर	सभी मौसमों के अनुकूल पोत	250	चालू
5.	एमवी लक्षद्वीप सागर	सभी मौसमों के अनुकूल पोत	250	चालू
6.	एचएससी पराली	हाई स्पीड क्राफ्ट	150	चालू
7.	एचएससी वलियापानी	हाई स्पीड क्राफ्ट	150	चालू
8.	एचएससी चेरियापानी	हाई स्पीड क्राफ्ट	150	चालू
9.	एचएससी स्किपजैक	हाई स्पीड क्राफ्ट	50	चालू
10.	एचएससी ब्लू मार्लिन	हाई स्पीड क्राफ्ट	50	चालू
11.	एचएससी ब्लैक मार्लिन	हाई स्पीड क्राफ्ट	50	चालू

विगत में जलयानों के निर्माण/ चार्टरिंग के माध्यम से नए पोतों को अधिग्रहित के लिए किए गए प्रयास उच्च पूंजीगत व्यय, पोत निर्माण में शामिल लंबी जेस्टेशन अवधि, सामने आने वाली प्रचालन अपेक्षाओं और विशिष्ट प्रचालन बाधाओं जैसे खुले समुद्र की स्थितियों, अधिकांश द्वीपों में बर्थिंग सुविधाओं की कमी और विशेषीकृत सभी मौसमों के अनुगूल जलयानों की आवश्यकता के कारण साकार नहीं हो सके। यूटीएलए अब कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड (सीएसएल), कोच्चि में उपयुक्त संशोधन के साथ निर्माणाधीन 1200 पैक्स का एक जलयान अधिग्रहित कर रहा है।

*****